भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
निगमित संचार निदेशालय
प्रेस विज्ञप्ति

भाविप्रा ने नागर विमानन क्षेत्र में सहयोग के लिए बीईएल के साथ 'समझौता ज्ञापन' पर हस्ताक्षर किए।

नई दिल्ली, 14 जुलाई, 2020: इसे एक ऐतिहासिक घटना ही कहा जा सकता है कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ 'समझौता ज्ञापन' पर हस्ताक्षर किए हैं जो दोनों संगठनों को एशिया प्रशांत क्षेत्र सहित विश्व भर में उभर रहे एयरपोर्ट बिज़नेस के संयुक्त विकास और सहयोग के लिए मंच प्रदान करेगा।

इस सहयोग को आगे बढ़ाते हुए, भाविप्रा, डिवेलेपमेंट पार्टनर की भूमिका निभाते हुए अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र में बीईएल को सहायता प्रदान करेगा ताकि विदेश स्थित एमईए की प्रतिष्ठित परियोजनाओं को बीईएल द्वारा कार्यान्वित किया जा सके। नागर विमानन क्षेत्र में बीईएल की वर्तमान और भविष्य की परियोजनाओं में दोनों संगठन एक दूसरे के साथ मिलकर काम करेंगे ।

श्री अरविंद सिंह, अध्यक्ष, भाविप्रा, श्री एम. वी. गौतम, सीएमडी, बीईएल और दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थिति में 14 जुलाई, 2020 को भाविप्रा, निगमित मुख्यालय में श्री संजय कुमार सिंघल, महाप्रबंधक (व्यवसाय विकास), भाविप्रा और श्री मनोज कुमार, कार्यपालक निदेशक (राष्ट्रीय विपणन), आरओ दिल्ली, भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

अध्यक्ष, भाविप्रा ने दोनों पक्षों के विशेषज्ञों को संबोधित करते हुये आशा व्यक्त की कि आगामी वर्षों में दोनों संगठनों के बीच की यह साझेदारी भारतीय विमानन क्षेत्र में एक गेम-चेंजर सिद्ध होगी। उन्होंने यह भी कहा कि संचार, दिक्चालन और निगरानी (सीएनएस) उपकरणों के भारत में निर्माण से लागत में काफी कमी आएगी और विदेशी मुद्रा की बचत होगी, जिससे भारत आत्मनिर्भर बनेगा।

सीएमडी, बीईएल ने विश्वास व्यक्त किया कि यह 'समझौता ज्ञापन' दोनों संगठनों की कार्य क्षमताओं के बीच समुचित तालमेल प्रदान करेगा जो निरंतर बढ़ रहे विमानन क्षेत्र में दोनों संगठनों के लिए लाभकारी होगा और इस क्षेत्र में स्थायी समाधान भी प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाविप्रा की दक्षता और विशेषज्ञता के साथ, बीईएल घरेलू नागर विमानन बाजार के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व एशियाई, अफ्रीकी और लेटिन अमेरिकी नागर विमानन बाजार में भी प्रवेश करेगा।

इस 'समझौता ज्ञापन' पर हस्ताक्षर, दोनों संगठनों द्वारा नागर विमानन क्षेत्र में सहभागिता और सहयोग की शुरुआत के लिए उठाया गया एक बड़ा कदम सिद्ध होगा।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें
महाप्रबन्धक (नि. सं.) दूरभाष संख्या: 24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 2/20-21